कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी॰टी॰नगर, भोपाल

कमांक/प्रशासन/भंडार/आविभो/932/2026 भोपाल, दिनांक 30/03/2026

Tender Document
Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में प्रिंटिंग से संबंधित सामग्री जिसमें कार्यालयीन प्रकिया, स्थानीय परीक्षा, परीक्षाफल, शैक्षणिक व्यवस्थाऐं, अंतर्गत संधारित अभिलेख (निर्धारित प्रारूप) एवं गोपनीय प्रश्नपत्र तथा उत्तरपुस्तिकाओं मुद्रण कार्य वार्षिक दरें स्वीकृति हेतु आमंत्रित की जाती है।
2. आदर्श विद्यालय भोपाल में मुद्रण कार्य सेवाऐं संतोषजनक पायी जाती है। तो समान शर्तो और सेवा शुल्क पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मुद्रण कार्य सेवाऐं आगामी 02 से 03 माह की अवधि हेतु बढायी जा सकती है।
3. यह आमंत्रण ऐसे मुद्रण प्रेसों/फर्मों और व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास मुद्रण कार्य के क्षेत्र में निम्नतम 03 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में मध्यप्रदेश के किसी सरकारी विभाग/निगम मंडल, अन्य उपकम एवं व्यवसायिक संस्था को अनुबंध पर सेवाऐं प्रदान कर रहा है।
4. कोटेशनों में उल्लेखित दर मुद्रण फर्मों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी मुद्रण फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 03 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।
5. मुद्रण फर्मों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 01/04/2026 से 16/04/2026 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं उसी अवधि में संलग्न सूची में उल्लेखित मुद्रित सामग्री के नमूना/पेपर क्वालिटी का अवलोंकन करवाया जावेगा।
6. मुद्रण फर्मों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 16/04/2026 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं मुद्रण फर्मों/प्रतिनिधियों/प्रोपराईटर्स की उपस्थिति में खोली जावेगी।
7. मुद्रण फर्मों को चाहे गए निविदा फार्म, सह 1,00,000/— **बैंक गारण्टी** के रूप में जमा करना होगी। दरें मान्य न होने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी 15 दिवस के भीतर संबंधित मुद्रण फर्मों को लौटा दी जावेगी।
8. मुद्रण फर्मों से प्राप्त दरों सह मुद्रित प्रपत्र/पंजियों के नमूने के साथ अप्राप्ति पर उन निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
9. मुद्रण कार्य सेवाऐं अवधि दिनांक 01/05/2026 से 30/04/2027 के लिए मान्य होगी। एवं सेवाऐं संतोषप्रद पाए जाने व आपसी सहमति पर आगामी 02 से 03 माह तक मुद्रण कार्य सेवाओं में वृद्धि की जा सकेगी।
10. जिस मुद्रण फर्मों की दरें मान्य होती है। उनके द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राशि रू. 1,00,000/— सुरक्षा निधि के रूप में सेवा अवधि तक विद्यालय में जमा रहेगी।

स्वीकृत सेवा अवधि के मध्य में सेवाऐं संबंधित मुद्रण फर्मों की और से प्रभावित करने पर जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात् कर ली जावेगी।

9. जिन फर्मों द्वारा निविदा में भाग लिया जावेगा उन फर्मों के लिए Gem Portal पर वैद्य रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। एवं इससे संबंधित अभिलेखों की छायाप्रति विद्यालय में जमा करनी होगी।

10. प्रस्तुत की जा रही दरें Gem Portal की दरों के समकक्ष अथवा उनसे कम होगी।

12. मुद्रण फर्मों को भुगतान स्वीकृत मान्य दरों पर मुद्रण सामग्री प्राप्ति एवं समिति की पुष्टि के आधार पर नियमानुसार समयसीमा में की जावेगी।

13. मुद्रण कार्य उपलब्ध करवाए गए विवरण, नमूने, पैटर्न, पेपर क्वालिटी, दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर मुद्रण सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल

प्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल